RAF SECTOR
NEWS CLIP
16/08/2023

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat khabar, sundernagar, (JKD)

मेरी माटी, मेरा देश अभियान शुरू

जमशेदपुर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश से मेरी माटी, मेरा देश तथा हर घर तिरंगा अभियान शुरू करने का आह्वान किया है. इस उपलक्ष्य पर करीम सिटी कॉलेज में एनसीसी 37 बटालियन की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी तथा देश की अखंडता एवं सुरक्षा के लिए शपथ दिलायी गयी. कार्यक्रम में एनसीसी ऑफिसर मेजर डॉ फखरुद्दीन अहमद तथा कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ मोहम्मद रेयाज समेत काफी संख्या में एनसीसी कैडेटों ने हिस्सा लिया.

करीम सिटी कॉलेज में कार्यक्रम में शामिल एनसीसी बटालियन के अधिकारी व अन्य.

वीरों के बलिदान को किया याद

मेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को सुंदरनगर स्थित रैफ 106 बटालियन के अधिकारी, जवान, भूत पूर्व सैनिक, स्वतंत्रता सेनानी और आसपास के ग्रामीणों ने मिट्टी एकत्रित कर वीरों को श्रद्धांजलि दी. कार्यक्रम रैफ 106 के कमांडेंट डॉ निशीत कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया. मौके पर पंच प्रण का सामूहिक शपथ भी लिया गया. अमृत कलश को जिला युवा अधिकारी अंजली ने नेहरू युवा केंद्र संगठन को सौंपा. मौके पर वीरों के बलिदान को याद किया गया. मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी शैलेंद्र कुमार, सच्चिदानंद मिश्र आदि मौजूद थे.

मेरी माटी मेरा देश अभियान में शामिल रैफ बटालियन के अधिकारी व जवान.

Amar ujala , Prayagraj, (UP)

यूपीआरटीओयू की वीसी ने बनाए कुम्हार की चाक पर दिए

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT

वीसी सीमा सिंह को तिरंगा देकर किया गया सम्मानित.

prayagraj@inext.co.in

PRAYAGRAJ (14 Aug): उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में सोमवार को मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने कुम्हार के चाक पर मिट्टी के दिए बनाए. इस अवसर पर उन्होंने कुम्हार के परिजनों को सम्मानित भी किया. फाफामऊ बाजार में मुक्त विश्वविद्यालय की वीसी प्रो. सीमा सिंह एवं यूनिवर्सिटी के शिक्षक एवं अधिकारी जब कुम्हार के यहां पहुंचे तो वहां कौतूहल का वातावरण उत्पन्न हो गया.

प्रो. सीमा सिंह के अलावा कुलसचिव कर्नल विनय कुमार, डॉ मीरा पाल एवं निदेशकों ने कुम्हार के चाक पर अपना हुनर दिखाया और मिट्टी के दिए एवं बर्तन बनाए. इसके साथ ही स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में 151 दीपों को प्रज्वलित कर शहीदों को नमन किया गया. उधर, रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडेंट ने जवानों के साथ विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह को तिरंगा भेंट किया. देशभक्ति परक नारों से परिसर गुंजायमान हो उठा.

Hindustan , Prayagraj, (UP)

सोमवार को आरएएफ के जवानों ने बाइक रैली निकाली।

आरएएफ जवानों ने बाइक रैली निकाली

प्रयागराज। आरएएफ ने सोमवार को कैंप कार्यालय से उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन ओपन यूनिवर्सिटी तक बाइक रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने कुलपति प्रो. सीमा सिंह और शिक्षकों व कर्मचारियों को राष्ट्रध्वज भेंट किया। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बाइक रैली निकाल कर स्टैनली रोड, सिविल लाइंस, कटरा समेत शहर के विभिन्न इलाकों में जन-जन तक हर घर तिरंगा का संदेश पहुंचाया। लगभग पांच हजार तिरंगा शहरवासियों को वितरित किया।

Hindustan , Prayagraj, (UP)

तिरंगा यात्रा निकालते आरएएफ के अधिकारी व जवान। संवाद

आरएएफ के जवानों ने निकाली तिरंगा यात्रा

फाफामऊ। मेरी माटी मेरा, देश एवं आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आरएएफ 101 बटालियन के अधिकारियों एवं जवानों ने तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा कैंप से शुरू होकर शांतिपुरम, फाफामऊ की प्रमुख सड़कों से होते हुए निकली गई।

रैली राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय पहुंची। वहां कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने कुलपति डॉ. सीमा सिंह, फैकेल्टी के कर्मचारियों को राष्ट्रध्वज भेंट किए। कैंप में मांटेसरी स्कूल के छात्रों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके बाद पूर्व आईजी रंजीत सिंह, पूर्व डीआईजी जयंत पाल सिंह, पूर्व कमांडेंट यूबी मिश्र, पूर्व कमांडेंट रत्नाकर सिंह, पूर्व कमांडेंट फारूक अहमद को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी प्रेमजीत सिंह, उप कमानडेंट बृजेश कुमार दुबे, विनोद कुमार, टीएन सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।